एक नजर में

## सच्चा सुख भीतर, भौतिक वस्तुओं में नहीं



**इंदौर**. अतिशय योगी 108 मुनि सूयन्न सागर महाराज का मुंबई महानगर (बोरीवली) से णमोकार तीर्थ होते हुए तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की ओर विहार चल रहा है. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज भव्य मंगल प्रवेश महावीर जिनालय संगम नगर में हुआ. रास्ते भर समाजजनों ने मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया एवं आरती उतारी. मुनि सुयन्न सागर 1008 शिखर बंद मंदिरों के दर्शन करने का संकल्प लेकर वहां से निकले हैं. मुनि श्री ने दर्शन का महत्व बताते हुए कहा कि जैन मंदिरों के दर्शन करने से आध्यात्मिक शांति, मानसिक एकाग्रता मिलती है और पुण्य का अर्जन होता है. नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है. मंदिरों में तीर्थंकरों की वीतराग मूर्तियां हमें बताती है कि सच्चे सुख की प्राप्ति भीतर (आत्मा) में है, बाहर की भौतिक वस्तुओं में नहीं. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, महामंत्री देवेंद्र सोगानी, जेनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, डी के जैन, अनामिका बाकलीवाल, महावीर जैन, नकुल पाटोदी, सुरेंद्र बाकलीवाल आदि ने सभी समाजजनों से उक्त कार्य में सहभागी बननें की अपील की है. संगम नगर मंदिर पहुंचने पर मनोज जैन, सुबोध कासली वाल, सतीश जैन, पारस जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन, राहुल जैन आदि ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया.

## लादूनाथ के बरसी महोत्सव में सजा पुष्प बंगला



**इंदौर**,. महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला एमओजी लाइंस के स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में आश्रम स्थित सभी देवी-देवताओं, महाप्रचंड हनुमानजी एवं संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमाओं का मनोहारी पुष्प एवं विद्युत श्रृंगार किया गया. आश्रम पर बुधवार से प्रारंभ हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति भी यज्ञ-हवन के साथ हुई, जिसमें मालवा, निमाड़ और मारवाड़ क्षेत्र से आए संतों-महंतों ने भी सनातन धर्म की मजबूती के लिए आहुतियां समर्पित की. गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से योगेश सुईवाल, भक्त मंडल के रामचंद्र मंडावरा एवं बाबूलाल जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमा का आकर्षक पुष्प बंगला श्रृंगारित किया गया, वहीं महाप्रचंड हनुमानजी के मंदिर में भी सुबह महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पूजा-अभिषेक एवं श्रृंगार कर आरती की गई. बुधवार से आश्रम पर चल रहे अखंड रामायण पाठ का विराम भी हुआ.

## युवा उद्यमी की शार्ट फिल्म ने बढ़ाया शहर का मान



**इंदौर**. शहर के एक युवा उद्यमी श्रेय शर्मा ने देश के मीडिया टेक क्षेत्र में एआई तकनीक से दोहरी एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. उनके द्वारा निर्मित 6 मिनिट की शार्ट फिल्म ने जहाँ बर्लिन में सम्पन्न हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में भारत का परचम लहराया, वहीं नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट और एआई प्रदर्शनी में भी अपनी प्रतिभा और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया. एआई समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था. इंदौर में पिछले 7 वर्षों से काम कर रही 'जेंगोह' नामक इस कंपनी का चयन भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वेव एक्स विभाग ने किया, जबकि मध्यप्रदेश सरकार के पेवेलियन में भी इस कंपनी की एआई आधारित फिल्म को मुख्य स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया. अब भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने भी इंदौर की इस कंपनी को अपने किसी विशेष प्रोजेक्ट के लिए आमंत्रित किया है. सिंहस्थ के लिए भी यह टीम काम कर रही है. कंपनी के सीईओ श्रेय शर्मा बताते हैं कि उनके द्वारा निर्मित 6 मिनिट की एआई आधारित फिल्म को दुनिया के तमाम प्रोडक्शन हाउसेस के बीच ध्यानाकर्षण का अवसर मिला और बर्लिन में इंडिया पेवेलियन में उनकी इस फिल्म के प्रभावी प्रदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों के साथ ही तकनीकी निवेशकों का भी ध्यानाकर्षण किया. इसके साथ ही दिल्ली में सम्पन्न हुई एआई आधारित प्रदर्शनी में भी इस फिल्म की धूम मची रही. मध्यप्रदेश सरकार के पेवेलियन में भी इस फिल्मांकन का मुख्य स्क्रीन पर प्रदर्शन किया गया, उसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस फिल्मांकन की सराहना की.

## अन्नपूर्णा मंदिर पर भागवत का मूल पारायण 17 से

**इंदौर**,. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में शहर के पश्चिमी क्षेत्र स्थित प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर पर 17 मई से 15 जून तक 108 भागवत का मूल पारायण होगा. आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज की प्रेरणा से उनके सानिध्य में आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री ने निर्देशन में यहाँ प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा श्रीमद भागवत का मूल पारायण किया जाएगा. मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरी ने बताया कि आश्रम ट्रस्ट, मंदिर संचालन समिति एवं भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण अधिकमास के दौरान यह दिव्य अनुष्ठान होगा. इस दौरान प्रतिदिन माता अन्नपूर्णा, माता काली एवं माता सरस्वती का नित्य नूतन श्रृंगार भी होगा. मंदिर के न्यासी मंडल के प्रमुख विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, श्याम सिंघल एवं सत्यनारायण शर्मा ने भक्तों से इस दिव्य आयोजन का पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया है.

## नाट्य प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में 3 नाटकों की प्रस्तुति



**इंदौर**. विजय नगर स्थित सारदा रामकृष्ण विद्या मन्दिर में आयोजित 15 दिवसीय हल्ला गुल्ला बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर का समापन 16 मई को होगा। यह जानकारी देते हुए प्रवीण जोशी ने बताया कि शनिवार शाम 4.30 बजे आयोजित इस समापन समारोह में बच्चों द्वारा तैयार 3 नाटकों की प्रस्तुति दी जायेगी. सभी नाटकों का निर्देशन रंगकर्मी तपन मुकर्जी, वरुण जोशी, रचिता जैन और शिल्पा सिंघल ने किया है. साथ ही गीत संगीत, नृत्य और कविता की प्रस्तुतियां होगी. शिविर प्रशिक्षक सीमा व्यास ने बताया कि हल्ला गुल्ला शिविर स्व. कैलाश कोटिया, स्व. आशा कोटिया एवं स्व. सनत कोटिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है. समारोह के मुख्य अतिथि प्रव्राजिका अमित प्राणा (बड़ी माताजी) होगी. रंगकर्मी सत्यनारायण व्यास एवं संदीप क्षोत्रिय विशेष अतिथि होंगे.

## वरिष्ठ स्वयंसेवक महेंद्र केकरे का निधन




**इंदौर**. बाल्यकाल से संघ के स्वयंसेवक रहे महेंद्र केकरे का बुधवार शाम को निधन हो गया. अपने पूरे जीवनकाल मे आप संघ के नियमित स्वयंसेवक थे. आपातकाल के दौरान भी आप 18 माह जेल मे रहे. पूर्व में जिला संघचालक के दायित्व पर रहे. आपने अपने जीवन के अंतिम समय पर भी देहदान का समाज सेवा का संकल्प लेकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया. गार्ड आफ आनर के साथ आपको अंतिम विदाई दी गई. अंतिम दर्शन हेतु बड़ी संख्या मे स्वयंसेवक, समाजजन, उपस्थित रहे. विभाग माननीय संघचालक ड़ॉ मुकेश मोढ, प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे, सह कार्यवाह श्रीनाथ गुप्ता ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. उनकी पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा 15 मई शाम 5.30 से 6.30 तक निज निवास 14, रविन्द्र नगर पर रखी गई है.

# मुख्यमंत्री ने देवास हादसे के घायलों से की भेंट

- एमवाय और चोइथराम अस्पताल में भर्ती घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए
- बोले- प्रभावित नागरिकों की पूरी मदद के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध





**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे के घायल नागरिकों से भेंट कर उनके उपचार की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस हादसे से प्रभावित लोगों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अन्य कार्यक्रम निरस्त कर नई दिल्ली से इंदौर पहुंचकर अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती घायलों से भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वप्रथम एयरपोर्ट से चोइथराम हॉस्पिटल पहुंचकर देवास के हादसे के कारण घायल हुए नागरिकों से मुलाकात की और उनका उपचार कर रहे चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमवाय अस्पताल में दाखिल घायलों से भी मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमलतास अस्पताल में इलाज करवा रहे घायल नागरिकों से भी भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी घायलों के समुचित उपचार के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिए. इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे.

### घायलों का होगा नि:शुल्क उपचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज पूर्वान्ह में इस हादसे की जानकारी प्राप्त होते ही देवास जिला प्रशासन को हादसे से प्रभावित नागरिकों की हर संभव सहायता के निर्देश दिए थे. इंदौर में उपचार करवा रहे घायलों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिल्ली से ही दिए गए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत नागरिकों के परिजन को मध्यप्रदेश शासन की ओर से 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने एवं घायलों का नि:शुल्क इलाज करने के लिये निर्देश दिये.



# उप मुख्यमंत्री देवड़ा भी घायल मरीजों से मिलने पहुंचे

अग्निकांड में घायल मरीजों से मिलने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर के चोईथराम अस्पताल एवं एमवाय अस्पताल पहुँचे. यहाँ उन्होंने चिकित्सा विशेषज्ञों से घायलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने चोईथराम अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों से मिले और उनके स्वास्थ्य उपचार की जानकारी ली. उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का उचित उपचार किया जाए. किसी भी मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. घायल मरीजों के परिजनों से भी संवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि अस्पताल में मरीजों का नि:शुल्क और बेहतर उपचार किया जा रहा है. इस मौके पर कलेक्टर शिवम वर्मा, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, चोईथराम अस्पताल के प्रबंधन से जुड़े श्री लखवानी, देवास के चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहें. उप मुख्यमंत्री एमवाय अस्पताल गए. वहाँ उन्होंने बर्न यूनिट में उपचार के लिए भर्ती घायल मरीजों से मिले इस मौके पर एमवाय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं अन्य चिकित्सक विशेषज्ञ उपस्थित थे.

**मंत्री सिलावट घायलों से मिलने एमवाय अस्पताल पहुंचे**- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एमवाय अस्पताल में घायलों से मिलने पहुँचे. उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए।



## ग्राम टिगरिया बादशाह में बिना अनुमति चल रही आरा मशीन सील

**इंदौर**। वन परिक्षेत्र में बिना स्वीकृति आरा मशीन का गड्ढा परिवर्तन करने के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए मशीन को सील कर प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी लाल सुधाकर सिंह के निर्देश पर की गई.

वन परिक्षेत्राधिकारी संगीता ठाकुर के नेतृत्व में गठित दल ने सांवेर सबरेंज के ग्राम टिगरिया बादशाह स्थित संगीता निगम की आरा मशीन पर पहुंचकर जांच की. शिकायत में बताया गया था कि आरा मशीन का गड्ढा बिना विभागीय अनुमति के बदला गया है. मौके पर जांच में आरोप सही पाए गए.

जांच में स्पष्ट हुआ कि अनुज्ञप्तिधारक संगीता निगम ने वन विभाग से कोई लिखित अनुमति लिए बिना ही गड्ढा परिवर्तन किया, जो म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 का उल्लंघन है. इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने आरा मशीन को मौके पर ही सील कर दिया और पीओआर प्रकरण क्रमांक 904/1, दिनांक 13 मई 2026 दर्ज किया. कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम में अनिता भंडोले, महेश सोनगरा, श्याम गोहे, सूर्यनारायण यादव, विष्णु काले, अमन मालवीय, प्रकाश बोके और तोताराम चौहान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

# एमवाय अस्पताल के बाहर चिकित्सकों का प्रदर्शन

- 100 से अधिक डॉक्टरों ने जताया विरोध
- वेतन रोकने के खिलाफ एमजीएम मेडिकल कॉलेज में उबाल



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर**। एम जी एम मेडिकल कॉलेज इंदौर से संबद्ध चिकित्सकों ने मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन एमटीए के आव्हान पर एम वाय हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर पेन डाउन विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन कॉलेज प्रशासन द्वारा एमटीए के अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े सहित चार वरिष्ठ चिकित्सकों का वेतन पिछले दो माह मार्च एवं अप्रैल 2026 से बिना किसी आदेश और सूचना के रोके जाने के विरोध में किया गया.

प्रदर्शन में एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, एमवाय अस्पताल, मानसिक चिकित्सालय, चाचा नेहरू अस्पताल, एमटीएच अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और एमआरटीबी अस्पताल के 100 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सक शामिल हुए. चिकित्सकों ने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. एमटीए सचिव डॉ. अशोक ठाकुर ने बताया कि बिना किसी वैध आदेश के चार चिकित्सकों का वेतन रोका जाना गंभीर मामला है. उन्होंने कहा कि इस संबंध में 23 अप्रैल, 5 मई और 9 मई 2026 को आयोजित कार्यक्रमों के दौरान डीन से मौखिक चर्चा की गई थी, वहीं 8 मई और 12 मई को लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन इसके बावजूद वेतन जारी नहीं किया गया. एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े ने कहा कि वेतन कर्मचारी का मौलिक अधिकार है और बिना किसी आधार या सूचना के वेतन रोकना अधिकारों का उल्लंघन है. उन्होंने इसे मनमाना निर्णय बताते हुए तत्काल भुगतान की मांग की. डॉ. अशोक ठाकुर ने कहा कि यह केवल वेतन का मामला नहीं बल्कि चिकित्सकों के सम्मान और अधिकार से जुड़ा विषय है. उन्होंने मांग की कि इस मामले की जांच कर दोषी अधिकारी या कर्मचारी की पहचान कर कार्रवाई की जाए.

### प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान अस्पताल की ओपीडी सेवाएं, नियमित कार्य और शैक्षणिक गतिविधियां बंद रहीं, जबकि आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत जारी रखी गई. एमटीए ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चारों चिकित्सकों का वेतन जारी नहीं किया गया तो राज्य इकाई के सहयोग से प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा.

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी, 11 बसें जब्त और 2 के फिटनेस रद्द

- ओवरलोडिंग और लापरवाही पर एक्शन
- शहर में बस ऑपरेटर्स पर बड़ी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं आरटीओ इंदौर द्वारा यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 13 बसों पर कार्रवाई की गई. इनमें 11 बसें जब्त की गईं और 2 बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए गए. इसके अलावा 8 बसों से 80 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 3 बसों से करीब 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना प्रस्तावित है.

यह संयुक्त कार्रवाई गुरुवार को तीन इमली चौराहा और राजकुमार ब्रिज के नीचे की गई, जहां जिला प्रशासन और आरटीओ की टीम ने लोक परिवहन वाहनों की बारीकी से जांच की. जांच के दौरान बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, अवैध पार्किंग, इमरजेंसी एग्जिट व्यवस्था, फायर सेफ्टी सिस्टम, पैनिक बटन, जीपीएस, स्पीड गवर्नर और निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने जैसे बिंदुओं की जांच की गई.

साथ ही पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस, परमिट और पीयूसी दस्तावेजों की भी जांच की गई. अधिकारियों ने बताया कि कई बसों में फायर सेफ्टी उपकरण मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जबकि कुछ बसों के इमरजेंसी एग्जिट बंद मिले. कई वाहनों में मेडिकल किट भी अनुपलब्ध थी और कुछ बसें अवैध रूप से पार्किंग में खड़ी पाई गई. कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम ओम नारायण सिंह आरटीओ प्रदीप शर्मा और उड़नदस्ता प्रभारी आकाश शितोले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**इंदौर.** भंवरकुआ क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई. इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

मृतक का नाम विशाल गेहलोद उम्र 35 साल निवासी एकता नगर है. जानकारी के अनुसार 11 मई की रात करीब 11 बजे उसने अपने घर पर अज्ञात जहरीली वस्तु खा ली थी. हालत बिगड़ने पर उसका दोस्त आशीष शर्मा उसे रात 11.38 बजे एम.वाय. अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है. पुलिस के अनुसार मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### युवक ने एसिड पीकर दी जान

**इंदौर**. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय युवक ने डिप्रेशन के चलते एसिड पीकर आत्महत्या कर ली. मृतक का नाम आलोक पिता स्वामी शरण उम्र 40 साल निवासी आईटी पार्क के पास, भंवरकुआं बताया गया है. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसने घर में रखा एसिड पी लिया था, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई. परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी. सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है. पुलिस का कहना है कि मृतक डिप्रेशन में था. आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है.



## वेस्ट जोन की साफ्टबॉल टीमों को बड़ी सफलता

- महिला वर्ग ने जीता स्वर्ण पदक और पुरुष वर्ग ने कांस्य पदक

**इंदौर.** विशाखापत्तनम में हुई सीनियर इंटर जोन राष्ट्रीय साफ्टबॉल चैंपियनशिप में वेस्ट जोन की महिला व पुरुष टीमों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की. वेस्ट जोन में मप्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. महिला वर्ग के वेस्ट जोन ने पहले मुकाबले में नार्थ जोन को 2-0 से, दूसरे मुकाबले में साउथ जोन को 3-0 से, तीसरे मुकाबले में ईस्ट जोन को 4-0 से तथा फाइनल मुकाबले में वेस्ट जोन ने नार्थ जोन को 4-2 से हराकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की. विजेता टीम की तनिष्का गौड़ को बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया, वहीं टीम में म.प्र. की देवास में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में पदस्थ पूजा पारखे का भी खेल सराहनीय रहा. टीम की कोच विक्रम अवार्डी सविता पारखे थी.

पुरुष वर्ग में वेस्ट जोन की टीम ने उम्दा खेल दिखाया, लेकिन टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. नार्थ जोन ने कड़े मुकाबले में वेस्ट जोन को 1-0 से हराया। पुरुष वर्ग में सोहेल खान को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. टीम को म.प्र. मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, प्रवीण अनावकर, राजकुमार सहगल, विनोद रुणवाल, प्रदीप नारुलकर, समीर गुप्ते, चंद्रकांत सांगोले, राकेश मिश्रा, विक्रांत आखरे, रितिक पाठक, प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया, ने टीम को शुभकामनाएं दी.

एक नजर में | गांधी हॉल परिसर में संस्था के मुक्ताकाश मंच पर आयोजन

## रामायण के प्रसंगों की अनुपम चित्रात्मक यात्रा, रंगों के राम का प्रदर्शन

**इंदौर. अभिनव कला समाज में भारत की सबसे लंबी निरंतर रामायण पेंटिंग 'रामायण ऑन कैनवास- रंगों के राम' का प्रदर्शन किया गया.**



गांधी हॉल परिसर में संस्था के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में एकल कैनवास पर श्रीराम की रामायण यात्रा को दर्शाया गया है. 'रामायण ऑन कैनवास-रंगों के राम' इस रंग यात्रा में गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए 50 मीटर माने 164 फीट लंबी और 5 फीट चौड़ी एकल कैनवास पर बनी निरंतर कथा को चित्रात्मक पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा. इसके सभी संदर्भ एवं प्रसंग श्री वाल्मीकि रामायण पर आधारित हैं. भगवान श्रीराम के जीवन में मर्यादा, त्याग, वनवास से लेकर प्रेम, भक्ति, धर्म और सत्य की विजय को एकात्म अटूट दृश्य यात्रा के रूप में दर्शाया जाएगा.

वाल्मीकि रामायण के सात कांडों को चित्रों से अभिव्यक्त करने की मूल परिकल्पना डॉ. सीमा अलावा की है. एक्रेलिक ऑन कैनवास शैली की इस कलाकृति को डॉ. सीमा अलावा के साथ हर्ष जाटव, पवन निषाद और इंद्रनील मजूमदार विगत 18 माह से पेंट कर रहे हैं. संपूर्ण कलाकृति को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए एविडेंस रिकॉर्ड के तौर पर आज यह आयोजन हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गोलू शुक्ला थे. विशेष अतिथि प्रख्यात पेंटर शुभा वैद्य, विंदिता श्रीवास्तव, एडवोकेट धर्मेंद्र चौधरी एवं समाजसेवी दीपेंद्र सिंह सोलंकी थे. कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, डॉ. ज्योति शर्मा, पुष्कर सोनी, पंकज क्षीरसागर एवं अर्जुन नायक ने किया.

### उत्तरकाण्ड का चित्रण चल रहा

आज प्रदर्शित पेंटिंग में रामायण के सात कांडों बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धा काण्ड और सुन्दरकाण्ड तक का चित्रण है। लंकाकाण्ड और उत्तरकाण्ड का चित्रण चल रहा है. पेंटिंग को बनाने के पीछे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना ना होकर, भारतीय पारंपरिक कला, सांस्कृतिक धार्मिक मूल्यों और रामायण की अमर शिक्षाओं को प्रदर्शित संचारित एवं प्रचारित करना है. इस अनुपम कलाकृति की परिकल्पना करने वाली और पेंटिंग बनाने वाली मुख्य कलाकार डॉ. सीमा अलावा ने बताया यह सिर्फ एक पेंटिंग नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत दस्तावेज है.